भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 604
गुरुवार, 06 फरवरी, 2025/ 17 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

मानपुर हवाई पट्टी से हवाई सेवाएं

604. श्री लुम्बा रामः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राजस्थान राज्य सरकार ने क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस उड़ान) के अंतर्गत मानपुर हवाई पट्टी से हवाई सेवाएं शुरू करने के लिए केन्द्र सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या प्रजापति ब्रह्मकुमारी समाज ने मानपुर हवाई पट्टी से अहमदाबाद, जयपुर, दिल्ली, मुम्बई, उदयपुर सहित देश के अन्य प्रमुख और महानगरों के लिए विमान सेवाएं शुरू होने की स्थिति में सभी उड़ानों में अग्रिम बुकिंग करने का आश्वासन दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए प्रायोगिक आधार पर उक्त हवाई पट्टी से हिंडन हवाई पट्टी तक हवाई सेवाएं शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) उक्त योजना के अंतर्गत मानपुर हवाई पट्टी से विमान सेवाएं शुरू करने में विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ)**:** क्षेत्रीय संपर्क योजना – उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) एक बाजार-संचालित योजना है, जिसमें और अधिक गंतव्यों और मार्गों को कवर करने के लिए समय-समय पर बोली प्रक्रिया के दौर आयोजित किए जाते हैं। विशेष मार्गों पर मांग के अपने आकलन के आधार पर, इच्छुक एयरलाइनें उड़ान योजना के तहत बोली प्रक्रिया के समय हवाईअड्डों को जोड़ने के लिए अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। राजस्थान में मानपुर (आबू रोड) हवाईपट्टी बोली प्रक्रिया की योजना के तहत असेवित हवाईअड्डों की सूची में उपलब्ध है। योजना के तहत बोली प्रक्रिया के पांच दौर पूरे होने तक मानपुर हवाईपट्टी से/तक उड़ान परिचालित करने के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं हुई है। योजना के प्रावधानों के अनुसार, असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों का पुनरुद्धार/उन्नयन वैध बोली प्रक्रिया के माध्यम से उन्हें चिह्नित करके और चयनित एयरलाइन प्रचालक को अवार्ड करके किया जाता है।

******